भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण
केंद्रीय मुख्यालय
राजभाषा अनुभाग
29, जवाहर लाल नेहरू रोड
कोलकाता - 700016
टेलिफैक्स : 033-22522011
आईपी - 01047
ईमेल : ddolchq@gsi.gov.in
ddolchq@gmail.com

भारत सरकार
Government of India

Geological Survey of India
Central Headquarters
Official Language Section
29, JawaharLal Nehru Road
Kolkata - 700016
TeleFax : 033-22522011
IP no. - 01047
Email : ddolchq@gsi.gov.in
ddolchq@gmail.com

पत्र सं. 1521-1619 ई.11014/1/2017/53/हिंदी

दिनांक : 10.10.2019

सेवा में/To

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य
   भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय
2. समस्त क्षेत्रीय एवं राज्य इकाई कार्यालय/समुद्री एवं तटीय सर्वेक्षण प्रभाग/
   सुदूर संवेदन एवं हवाई सर्वेक्षण/प्रशिक्षण संस्थान/
   महानिदेशक शिविर कार्यालय, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण/
3. केंद्रीय मुख्यालय के समस्त मिशन/प्रभाग/अनुभाग

विषय: दिनांक 26.09.2019 को आयोजित भाभूस, केंमु की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त
Sub : Minutes of meeting of Official Language Implementation Committee GSI, CHQ held on 26.09.2019

महोदय/Sir,

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 26.09.2019 को श्री सुरेश नारायण मेश्राम, महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक के कार्यवृत्त की प्रति आपके सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित है। आपसे अनुरोध है कि कार्यवृत्त पर अनुपालना रिपोर्ट इस कार्यालय को 30 दिनों में भेजने की कृपा करें।

The Meeting of Official Language Implemen tation Committee GSI, CHQ, kolkata was held on 26.09.2019. It was Chaired by Shri Suresh Narayan Meshram, Director General. Please find enclosed herewith a copy of minutes of this meeting for information and necessary action. It is requested that compliance report may kindly be sent to this office within 30 days.

भवदीय,
10.10.19

संलग्न. : यथोपरि

(आनन्द प्रकाश राय)
सीजीएस बैच 1985
उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी

पत्र सं./No. ई.11014/1/2017/53/हिंदी दिनांक : 10.10.2019

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु/Copy for information and necessary action to :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), भारत सरकार, खान मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001
2. उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व) निजाम पैलेस, कोलकाता-700020
3. महानिदेशक के वरिष्ठ निजी सचिव, भाभूस, केंमु, कोलकाता।

(आनन्द प्रकाश राय)
सीजीएस बैच 1985
उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी

Scanned by CamScanner

राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय, कोलकाता की बैठक का कार्यवृत्त

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 26.09.2019 को श्री सुरेश नारायण मेश्राम, महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। माननीय अध्यक्ष महोदय एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए श्री आनंद प्रकाश राय, उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी ने बैठक के आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए बैठक की कार्यवाही आगे बढ़ाने के लिए श्रीमती मीनू त्रिपाठी, सहायक निदेशक राजभाषा) आमंत्रित किया। श्रीमती त्रिपाठी ने बैठक को आगे बढ़ाते हुए गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

1. गत बैठक के कार्यवृत्त पर अनुवर्ती कार्रवाई :

श्रीमती मीनू त्रिपाठी, सहायक निदेशक राजभाषा) ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और गत बैठक के कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई रिपोर्ट तथा तिमाही के दौरान राजभाषा अनुभाग की अन्य गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए सदन को सूचित किया कि:

- **मद सं.2 : समय पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रेषण** : गत बैठक में अनुभाग प्रमुखों से अनुरोध किया गया था कि संबंधित अनुभागों / प्रभागों से समय पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रेषण सुनिश्चित करवाएं जिसके परिणामस्वरूप 13 अनुभागों से समय पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्राप्त हुई।
- **मद सं.4 : हिंदी शिक्षण योजना के तहत कक्षा का गठन :** हिंदी शिक्षण योजना, कोलकाता द्वारा हिंदी प्रवीण, प्राज्ञ तथा पारंगत कक्षाओं के लिए प्रशिक्षण का नया सत्र 03 जुलाई, 2019 से आरंभ हो चुका है। इस प्रशिक्षण सत्र में केंद्रीय मुख्यालय, कोलकाता के कुल 12 अधिकारी व कर्मचारी प्रशिक्षण पा रहे हैं।
- **मद सं.5 : वर्ष 2019 में हिंदी दिवस/पखवाड़ा का आयोजन :** केंद्रीय मुख्यालय में दिनांक 13 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसके दौरान आयोजित 07 प्रतियोगिताओं में कुल 106 पदाधिकारियों ने भाग लिया।
- **मद 6 II). हिंदी रोस्टर अद्यतन करना** : हिंदी रोस्टर अद्यतन करने संबंधी 15 अनुभाग/प्रकोष्ठ से आंकड़े प्राप्त हुए हैं।
- **मद सं.6 IV). फाइलों में प्रयोग की जाने वाली रबर मुहर :** इस संबंध में गत बैठक में लिए गए निर्णयानुसार, राजभाषा अनुभाग द्वारा सभी वरिष्ठ अधिकारियों के प्रयोग हेतु द्विभाषी रबड़ की मुहरें बनवाकर वितरित करवा दी गई है।

2. समय पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट का प्रेषण: श्री आनंद प्रकाश राय, उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी ने सदन को सूचित किया की पिछली तिमाही में प्राप्त रिपोर्टों की अपेक्षा इस तिमाही के दौरान अधिक अनुभागों/प्रभागों/मिशनों से रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जो कि एक सकारात्मक प्रगति है। उन्होंने यह सूचित किया कि वर्तमान तिमाही की रिपोर्ट खान मंत्रालय को दिनांक 10 अक्तूबर, 2019 तक भेजी जानी है, अतः सभी सदस्य अपने अधीनस्थ अनुभागों/प्रभागों/मिशनों/प्रकोष्ठों से संबंधित तिमाही रिपोर्ट राजभाषा अनुभागा, केंद्रीय मुख्यालय को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने की कृपा करें।

कार्रवाई: कार्यालय के समस्त अनुभाग/प्रभाग/प्रकोष्ठ एवं राजभाषा अनुभाग)

3. तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा : राजभाषा अधिकारी महोदय ने केंद्रीय मुख्यालय के विभिन्न अनुभागों/प्रभागों/मिशनों/ प्रकोष्ठों से प्राप्त अप्रैल-जून, 2019 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने सभी को सूचित किया कि कुछ अनुभागों में राजभाषा की सकारात्मक प्रगति हुई है तथा उन्होंने हिंदी पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर

लिया है, जबकि कुछ अनुभाग/प्रभाग अभी भी निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे हैं। उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि अपने अधीनस्थ अनुभागों/प्रभागों/मिशनों/प्रकोष्ठों में हिंदी पत्राचार पर बल दें, ताकि राजभाषा विभागा, गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को यथाशीघ्र प्राप्त किया जा सके।

कार्रवाई: कार्यालय के समस्त अनुभाग/प्रभाग/प्रकोष्ठ एवं राजभाषा अनुभाग)

4. केंद्रीय मुख्यालय के अनुभागों/प्रभागों/मिशनों/प्रकोष्ठों का राजभाषायी निरीक्षण: सहायक निदेशक राजभाषा) ने सभी को सूचित किया कि वार्षिक कार्यक्रम 2019-20 के तहत केंद्रीय मुख्यालय के न्यूनतम 25% अनुभागों/प्रभागों/ मिशनों/प्रकोष्ठों का राजभाषायी निरीक्षण किया जाना है। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से यह निर्णय लिया गया कि केंद्रीय मुख्यालय में राजभाषायी निरीक्षण हेतु एक समिति का गठन किया जाए।

कार्रवाई: राजभाषा अनुभाग , केंद्रीय मुख्यालय)

5. सम्पूर्ण कार्य हिंदी में करने हेतु अनुभागों को विनिर्दिष्ट करना : राजभाषा अधिकारी महोदय ने सभी को सूचित किया कि कार्मिक एवं प्रशासन प्रभाग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अपने 07 अनुभागों को राजभाषा हिंदी में कार्य करने हेतु विनिर्दिष्ट किया गया है जो कि एक सराहनीय पहल है। उन्होंने यह भी बताया कि कार्मिक - I एवं II अनुभाग से सारे कागजात द्विभाषी जारी किए जा रहे हैं, जो अन्य अनुभागों / प्रभागों के लिए अनुकरणीय है। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने अधीनस्थ किसी एक अनुभाग को हिंदी में कार्य करने हेतु विनिर्दिष्ट करें, ताकि इस संबंध में निर्धारित 25% अनुभागों का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

कार्रवाई: कार्यालय के समस्त अनुभाग/प्रभाग/प्रको ष्ठ एवं राजभाषा अनुभाग)

6. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मदों के अंतर्गत चर्चा के दौरान निम्न मदों पर चर्चा की गई :

- सहायक निदेशक राजभाषा) ने सभी को सूचित किया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने कार्यालय ज्ञापन जारी कर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय को कोलकाता की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय 3 का अध्यक्ष कार्यालय घोषित किया है, जिसके अधीन कुल 62 कार्यालय हैं। महानिदेशक महोदय इस समिति पदेन अध्यक्ष हैं तथा समिति की पहली बैठक यथाशीघ्र आयोजित की जानी है।
- राजभाषा अधिकारी महोदय ने सदस्यों बताया कि तिमाही प्रगति रिपोर्ट को भरते समय थोड़ी सावधानी बरतें तथा आकड़ों की पुन: जांच करें क्योंकि इन्हीं रिर्पोटों के आधार पर समेकित रिपोर्ट खान मंत्रालय तथा राजभाषा विभाग को प्रेषित की जाती है।

कार्र वाई: कार्यालय के समस्त अनुभाग/प्रभाग/प्रकोष्ठ एवं राजभाषा अनुभाग)

अपने अध्यक्षीय सम्बोधन के दौरान श्री सुरेश नारायण मेश्राम, महानिदेशक महोदय ने भाषा के उपयोग और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय में राजभाषा के क्षेत्र में हो रही प्रगति की प्रशंसा की एवं कहा कि इसी प्रकार समस्त अनुभागों / प्रभागों के सामूहिक सहयोग से ही राजभाषा कार्यान्वयन को सफल एवं सम्मानजनक बनाया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यालय के सभी कम्प्यूटरों में यूनिकोड आधारित हिंदी फॉट इंस्टॉल करें ताकि हिंदी में काम करने में कोई कठिनाई ना हो। उन्होंने आगे कहा कि हमें कार्यालयीन प्रयोग में हिंदी के सरलतम शब्दों का प्रयोग करना चाहिए, ताकि सभी उसे आसानी से समझ सकें। उन्होंने राजभाषा टीम को बधाई देते हुए कहा कि आपके प्रयास से ही राजभाषा कार्यान्वयन की गति तेज हुई है एवं इसे बरकरार रखें। उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपने स्तर पर राजभाषा के विकास हेतु हर संभव प्रयास करें। अंत में उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी में काम करना हमारा कर्तव्य ही नहीं बल्कि अधिकार भी है, तदैव हमें अपने सरकारी कामकाज में अधिक से अधिक राजभाषा हिंदी का प्रयोग करना चाहिए।

श्री आनंद प्रकाश राय, उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ सभा का समापन हुआ।

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची

क्र. सं.	नाम	पदनाम
1.	श्री सुरेश नारायण मेश्राम	महानिदेशक एवं अध्यक्ष
2.	श्री कमलाकांत पंडा	अपर महानिदेशक वित्त) एवं विभागाध्यक्ष
3.	श्री राजेन्द्र सिंह गर्खाल	अपर महानिदेशक नीति समर्थन तं त्र)
4.	डॉ. एस. राजू	अपर महानिदेशक एवं राष्ट्रीय मिशन प्रमुख, मिशन-IV
5.	श्री गजेन्द्र कुमार केशरी	उप महानिदेशक, मिशन-Iए
6.	श्री प्रकाश चन्द्र पात्रा	नीति समर्थन तंत्र- नीति एवं प्रबंधन
7.	श्रीमती संयुक्ता साहू	उप महानिदेशक, मानव संसाधन विकास प्रभाग
8.	श्री अजीजुल हुसैन	उप महानिदेशक, एसटीएसएस
9.	श्रीमती निहारिका झा	उप महानिदेशक मिशन IIIबी
10.	श्री एम. रघुपति	उप महानिदेशक, आई ए एवं आईजीसी
11.	श्री आनंद प्रकाश राय	उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी
12.	श्री ताराचंद गोविंद मोहंकर	उप महानिदेशक मिशन III ए
13.	श्री एम. आर. अशोक कुमार	उप महानिदेशक मिशन II बी
14.	श्री शांतनु साहा	मुख्य सतर्कता अधिकारी
15.	श्री तपन कुमार जाना	निदेशक कार्मिक)
16.	श्री ए. एम. सैंति वडिवेल	निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन)
17.	श्री शिवाजी गुप्ता	निदेशक एवं कार्यालय अध्यक्ष
18.	श्री निहार रंजन भट्टाचार्य	निदेशक, वित्त एवं सम्पदा
19.	श्री रत्नाकर भैषाल	निदेशक, विधि
20.	श्री एच. एम. मिश्रा	संयुक्त निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन)
21.	श्रीमती मीनू त्रिपाठी	सहायक निदेशक राजभाषा)